तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 31.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार 25 मई 2026


10 ग्रीष्मकालीन अवकाश को बनाया सीखने अनुभव.....



10 स्वार्थ, हिंसा और पर्यावरण संकट के दौर में महर्षि...



## खबर संक्षेप

### पड़ोसी के मकान को खरीदने को लेकर विवाद

**जींद।** गांव कालवन में मकान विवाद के चलते घर में घुस कर तोड़फोड़ करने तथा मारपीट करने पर गढ़ी थाना पुलिस ने 16 लोगों के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव कालवन निवासी सुमन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने गत जनवरी में कमलेश से लाल डोरे में मकान खरीदा था। उसी दौरान कब्जा ले लिया गया था। चिनाई कर दरवाजा लगा दिया गया था। जिस पर उमाशरण ने हक जताते कोर्ट में केस कर दिया।

### अवैध पिस्तौल व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ पुलिस ने अवैध पिस्तौल और कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान निडाना गांव निवासी दीपक के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। सीआईए प्रभारी इंस्पेक्टर अनूप कुमार ने बताया कि शनिवार को उनकी टीम गांव कंडेला के बस अड्डे के आसपास गश्त पर थी। उन्हें सूचना मिली कि दीपक अवैध पिस्तौल के साथ कंडेला से जींद रोड पर बंद पड़े ढाबा के पास किसी का इंतजार कर रहा है।

### रंजिशन हमला कर युवक को किया घायल

**जींद।** रंजिशन युवक के साथ मारपीट करने तथा मारपीट की वीडियो बना सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सोने आया है। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर पांच युवकों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। जुलाना निवासी सुशील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा सन्नी शाम को गली में टहल रहा था। उसी दौरान संजू नाम का लड़का उसके बेटे को जूस पिलाने के बहाने अपने साथ बाइक पर पुराना थाने के निकट अपने साथ ले गया।

### मकान से 14 हजार की नकदी चोरी, एक नामजद

**जींद।** गांव रत्ताखेड़ा में बीती रात मकान में घुस कर 14 हजार रुपये की नगदी चोरी करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रत्ताखेड़ा निवासी प्रताप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उन्हें घर में किसी के घुसे होने का संदेह हुआ। जब उसके बेटे से उठ कर देखा तो गांव का ही गौरव दीवार फांद कर भागता दिखाई दिया। घर को संभाला तो 14 हजार गायब थे। थाना सफीदों पुलिस ने गौरव के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हमले में बाप व बेटा घायल, पांच पर केस

**जींद।** गांव संडील में घर में घुस कर बाप व बेटे को घायल करने पर अलेवा थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव संडील निवासी सोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी पडोसी गजे परिवार के साथ रंजिश चली आ रही है। उसी गजे सिंह परिवार ने चाचा अमित तथा दादा खजान सिंह पर हमला कर दिया। जिसमें दोनों को चोटें आई। अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर , कप्तान, राजवीर, मनजीत शशि के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गांव बुराडेहर से युवती युवती लापता, केस दर्ज

**जींद।** गांव बुराडेहर से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव बुराडेहर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 23 मई को उसका 24 वर्षीय बेटी गायब हो गई। तलाशने- पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## आज से प्रारंभ होगा नौपता, एक जून तक रहेगा जारी

# सूर्य ने फिर उगली आग, 19 किमी प्रति घंटा स्पीड से चली गर्म हवाएं

## चिकित्सकों की सलाह : तेज धूप में बच्चे व वृद्ध घरों से बाहर न निकलें

**पारा पहुंचा 44 डिग्री, लू से बचाव को एडवाइजरी जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लगातार सूर्य देवता के आग उगलने तथा 19 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से चली हवा के गर्म थपेडों ने रविवार को लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया है। रविवार को अधिकतम तापमान चार डिग्री बढ़ कर 44 डिग्री पर पहुंच गया व न्यूनतम तापमान तीन डिग्री बढ़ कर 31 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 14 प्रतिशत व हवा की गति 19 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। दिनभर चली गरम हवाओं ने आमजन को बेहाल करके रख दिया। वहीं चिकित्सकों ने लोगों को सलाह दी है कि तेज धूप में घर से बाहर न निकलें और ज्यादा से ज्यादा स्वच्छ पेय पदार्थो का प्रयोग करें। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि आगामी तीन दिन दिन तक पारा 44 डिग्री तक रहेगा और हीट वेव रहेगी। रविवार को दिन निकलने के साथ ही सूर्य देवता ने आग उगलनी शुरु कर दी थी। सुबह नौ बजे ही तापमान 32 डिग्री पर जा पहुंचा था। दोपहर 12 बजे तापमान 40 डिग्री पर पहुंच गया था। हवा की गति सुबह के समय दस किलोमीटर प्रति घंटा तो दोपहर को 19 किलोमीटर प्रति घंटा तक जा पहुंची। दोपहर बाद अढाई बजे तापमान 44 डिग्री पार भी पहुंच गया। हवा का मिजाज भी काफी गर्म हो गया, जिसके चलते सड़कें व बाजार सुनसान दिखाई दिए और दिनचर्या भी प्रभावित हुई। सोमवार 25 मई से एक जून तक नौतपा रहेगा। इस समय धरती पर सूर्य की गर्मी सबसे ज्यादा होती है। लिहाजा इस तपती गर्मी और लू से खुद को सुरक्षित रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे दोपहर के समय बेवजह घरों से बाहर न निकलें और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन करें ताकि हीट वेव के दुष्प्रभावों से बचा जा सके। लू के कारण शरीर में पानी की कमी, चक्कर आना और हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पहले से बीमार व्यक्तियों के प्रति अधिक सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।



**जींद।** दोपहर के समय खाली नजर आ रहा सफीदों रोड।

### जंक फूड से करें परहेज : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति में लू के लक्षण दिखें तो उन्हें तुरंत छायादार और ठंडी जगह पर ले जाएं। शरीर को ठंडे पानी की पट्टियों से पोंछें और यदि व्यक्ति होश में हो तो उसे ओआरएस का घोल या पानी पिलाएं। हालत में सुधार न होने पर बिना देरी किए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर से संपर्क करें। जंक फूड का सेवन न करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं।

### ऐसे करें बचाव

गर्मी के मौसम में प्यास न होने पर भी बार-बार पानी पीते रहें। हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें ताकि शरीर का तापमान सामान्य बना रहे। 3. दिन के सबसे गर्म समय यानी दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे के बीच बाहर जाने से परहेज करें। बाहर निकलते हुए सिर को छाते, टोपी या गमछे से ढक कर निकलें। दोपहर के समय पानी की बोतल जरूर रखें। खान-पान में बासी भोजन और तली, भुनी चीजों से परहेज करें। छाछ, नींबू पानी और ओआरएस के घोल का सेवन करें। बच्चों या बुजुर्गों को बंद खड़ी गाड़ी में अकेला न छोड़ें। लू के लक्षण पहचानें: तेज बुखार और लगातार सिर दर्द होना। चक्कर आना, उल्टी या जी मिचलाना। त्वचा का पूरी तरह सूख जाना, लाल होना या शरीर का बहुत गर्म होना। बहुत अधिक पसीना आना या पसीना बिल्कुल बंद हो जाना। सांसों की गति या धड़कन का अचानक तेज होना।



**जींद।** दुर्घटनाग्रस्त हुई कार। *फोटो :हरिभूमि*

# अनियंत्रित हो पलटी कार बुजुर्ग महिला की जान गई

- टायर फटने से हादसा, दामाद के साथ गई थी चुकलाना धाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भिड़ताना टोल के पास ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे पर टायर फटने से एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें सवार 72 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई जबकि दो-तीन अन्य को मामूली चोटें आई हैं। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। जींद शहर निवासी वजीर अपने परिवार के साथ रविवार सुबह पानीपत जिले में स्थित चुकलाना धाम दर्शनों के लिए गया था। उसके साथ उसकी सास 72 वर्षीय रोशनी व अन्य परिवार के सदस्य थे। दोपहर को वापस आते समय भिड़ताना टोल के पास उनकी कार का अचानक टायर



फट गया। टायर फटने से कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें दो लोगों को मामूली चोटें आई जबकि उसकी सास गांव गुलकनी निवासी रोशनी के सिर में ज्यादा चोट लग गई। सभी अन्य वाहन का इंतजाम करके नागरिक अस्पताल पहुंचे। यहां इलाज के दौरान रोशनी की मौत हो गई जबकि अन्य को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। लुदाना चौकी प्रभारी विजेंद्र सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। विजेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर स्वजनों को सौंप दिया।



**राजौंद।** गांव सेरधा में टूटी सड़क के विरोध में रात को प्रदर्शन करते ग्रामीण।

### ओवरलोड डंपरों से टूटी सड़क, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

**राजौंद।** गांव सेरधा में मिट्टी से भरे ओवरलोड डंपर और ट्रैक्टर-ट्रालियों के कारण सड़क क्षतिग्रस्त होने पर ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिला। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने रात के समय जमकर प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत किया।ग्रामीणों का कहना है कि ओवरलोड वाहनों की आवाजाही से सड़क पूरी तरह टूट चुकी है, जिससे आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब वे वाहन चालकों को रोकने की कोशिश करते हैं तो चालक उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हैं।ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह फिर सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। उन्होंने बताया कि सोमवार को वह खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी राजौंद से मिलकर अपनी समस्या से अवगत करवाएंगे।

### नशीली गोलियां सप्लाई के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** 780 प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामदगी मामले में त्वरित कार्रवाई दौरान एंटी नारकोटिक सैल द्वारा सप्लायर को भी काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 22 मई की रात एंटी नारकोटिक सैल के एएसआई जसमेर सिंह की टीम को द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर बलराज नगर से प्योदा चुंगी रोड़ पर नाकाबंदी की गई। जहां बाइक पर आरोपी विनोद निवासी पीलनी काबू किया था, जिसके कब्जे से 78 पत्तो में अल्प्राजोलम नामक 780 प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामद हुई थी। जिस बारे थाना सिविल लाईन में मामला दर्ज करके आगामी जांच एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप की अगुवाई में एएसआई जगभान द्वारा करते गोलियां सप्लाई करने वाले आरोपी पंत नगर कैथल निवासी रोहित को गिरफ्तार कर लिया गया।

# कागज की गड्डियों को नोट बता ठगी के आरोपी दबोचे

- दस हजार रुपये की नकदी व कागज की गड्डियां बरामद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सदर थाना नरवाना पुलिस ने ऊपर-नीचे असली नोट लगाकर बीच में कागज लगाकर लोगों से ठगी करने के तीनों आरोपितों फतेहाबाद जिले के गांव कन्हड़ी निवासी संजय, खनौरी रोड कैथल निवासी अनिलख करनाल के गांव रसीना निवासी सौरभ को रविवार को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया। आरोपितों से सदर थाना नरवाना पुलिस ने दस हजार रुपये की नगदीख कागज की गड्डियां व कुछ सामान भी बरामद किया है। आरोपितों पर पहले भी ठगी के मामले दर्ज हैं लेकिन यह मामले 2017 में राजस्थान व बिहार में दर्ज हैं। सदर थाना नरवाना प्रभारी कमल सिंह ने बताया कि 22 मई को उन्हें सूचना मिली कि गांव बेलरखां के पास होटल के सामने कुछ कार सवार युवक खड़े हुए है। यह नोट दोगुने करने का झांसा देकर लोगों को ठगते हैं। आरोपित कागजों की गड्डी बनाकर उनके ऊपर-नीचे असली नोट लगा देते हैं। सौदेबाजी के दौरान पुलिस रेड होने की बात बोल कर राशि लेकर फरार हो जाते हैं। दस हजार रुपये के बदले यह युवक दोगुने नोट देते हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने तीनों को काबू कर लिया। पुलिस ने जब गाड़ी में रखे बैग की तलाशी तो उसमें कुल 58 कागज की गड्डी थी। 41 गड्डी ऐसी थी, जिनके ऊपर-नीचे 500.500 के नोट लगे थे। जबकि 17 गड्डी ऐसी थी, जिनमें 10-10 के नोट लगे थे। गड्डी के दोनों तरफ पेंसिल से लाइन लगाई गई थी, जो असली नोटों जैसी लग रही थी। गड्डियों को पॉलिथीन में डाला गया था। पकड़े गए कार सवार लोगों की पहचान फतेहाबाद जिले के गांव कन्हड़ी निवासी संजय, खनौरी रोड कैथल निवासी अनिल, करनाल के गांव रसीना निवासी सौरभ के रूप में पहचान हुई थी। तीनों को अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान पुलिस ने इनसे 10 हजार रुपये की नकदी व कुछ कागज काटने का सामान बरामद किया है।

### पहले भी दर्ज धोखाधड़ी के मामले

सदर थाना नरवाना प्रभारी कमल सिंह ने बताया कि तीनों आरोपितों संजय, अनिल व सौरभ के खिलाफ पहले भी धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। 2017 में इन्होंने बिहार व राजस्थान में लोगों को असली नोट के बदले नकली नोट दिए थे। इनका ठगी का काम पुराना है। अब काफी दिनों बाद इन्होंने नरवाना में यह काम शुरू किया थाख जो पहली बार में ही पकड़े गए। फिलहाल इस मामले में इनके किसी अन्य साथी का नाम नहीं आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म की कोशिश

**जींद।** सदर थाना इलाका गांव में स्कूल जा रही नाबालिग छात्रा को गाड़ी में बैठा कर दो युवकों द्वारा दुष्कर्म की कोशिश का मामला सामने आया है। सदर थाना पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत दोनों आरोपितों के खिलाफ दुष्कर्म की कोशिश करने, चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। सदर थाना नरवाना इलाका गांव के व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया गत दिवस उसका 16 वर्षीय बेटी स्कूल में जा रही थी। उसी दौरान रास्ते में गावं के ही नवदीप तथा विकास ने उसकी बेटी को गाड़ी मे बैठा स्कूल छोडने की बात कही। आरोपित उसकी बेटी को स्कूल की बजाय सुनसान जगह पर ले गए। जहां पर दोनों ने उसकी बेटी के साथ अशील हरकत करते हुए दुष्कर्म करने की कोशिश की।

# गांव कौल में युवती से छेड़छाड़ का आरोप

- दो दिन बाद भी आरोपी गिरफ्त से बाहर, पुलिस कार्रवाई पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

कौल में युवती से कथित छेड़छाड़ के मामले को लेकर ग्रामीणों में रोष देखने को मिला। रविवार को पीड़ित परिवार के घर पर ग्रामीणों ने एकत्र होकर मामले में जल्द कार्रवाई की मांग उठाई। पीड़िता नेहा ने बताया कि गांव निवासी राजपाल नामक युवक घर आया था। उस समय घर पर उसके माता-पिता और चाचा-चाची मौजूद नहीं थे। नेहा के अनुसार युवक को घर में किसी के न होने की जानकारी देने के बावजूद वह कमरे में आकर बैठ गया। आरोप है कि बाद में युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ की और विरोध करने पर कमरे का दरवाजा बंद कर दिया। नेहा ने बताया कि किसी तरह वह छुड़ाकर बाहर निकली और पड़ोस में रहने वाली महिला को जानकारी दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता के पिता जोगिंदर ने थाना ढांड पुलिस पर कार्रवाई में ढिलाई बरतने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि शिकायत देने के बावजूद दो दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। परिवार ने कहा कि वे डीएसपी के आने का इंतजार कर रहे हैं और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। घटना के बाद के कई लोग पीड़ित परिवार के समर्थन में पहुंचे।



### न्याय दिलाने की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द आरोपी की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को न्याय की मांग की।"पुलिस ने पहले नहीं सुनी बात, विरोध के बाद दर्ज मामला" : जोगिंदर पीड़िता के पिता जोगिंदर ने आरोप लगाया कि ढांड थाना पुलिस ने शुरू में उनकी कोई बात नहीं सुनी। कहा कि जब लोग थाने पहुंचे और विरोध प्रदर्शन शुरू किया, तब पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया, लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया गया। जोगिंदर ने इसे पुलिस और आरोपी की मिलीभगत बताया।उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में कार्रवाई को धीमा करने के लिए छुट्टी पर गए एक कर्मचारी को जांच अधिकारी (आईओ) नियुक्त कर दिया गया, जिससे जांच प्रभावित हो रही है।

# ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान शिक्षा शिविरों पर रोष जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान शिक्षा शिविरों पर रोष जताया। राज्य प्रधान प्रभु सिंह,महासचिव रामपाल शर्मा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा ,जिला सचिव अमर नाथ किठानिया,कोषाध्यक्ष शीशपाल शर्मा,वरिष्ठ उप प्रधान विद्यावती,सह सचिव शमशेर कालिया, प्रैस सचिव मदन गोपाल ने संयुक्त प्रैस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि छुट्टियों के दौरान 25 से 31 मई तक आयोजित किए जा रहे भाषा शिक्षण के नाम पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। एक तरफ तो 21 मई को जारी विभागीय पत्र द्वारा भीषण गर्मी से बचने की हिदायतों के साथ 25 मई से 30 जून तक प्रदेश में स्कूली अवकाश घोषित किया जा चुका है, दूसरी तरफ इस तरह के शिविरों/सेमिनारों के नाम पर अपने ही आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि संगठन केवल विरोध के लिए विरोध नहीं करता। शिक्षक और शिक्षा व्यवस्था के हित में हर निर्णय विवेक, संवाद और न्याय के आधार पर लिया जाना चाहिए। विभाग ने भीषण गर्मी के कारण समय से पहले अवकाश घोषित किए है,दूसरी तरफ बच्चों के भाषा शिक्षा के नाम पर 25 से 31मई तक समर कैंप का शेड्यूल जारी कर दिया।

# इंटरव्यू के लिए जा रहे युवक व पुलिस कर्मी के बीच बहस का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल कस्बा गुहला क्षेत्र में इंटरव्यू के लिए जा रहे युवक तथा पुलिस कर्मचारियों के बीच बहस का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। मामला शुक्रवार का बताया जा रहा है। पुलिस कर्मियों ने बाइक सवार को रूकवाकर दस्तावेज मांगे गए तो वह नहीं दिखा सका और गुहार लगाई कि इंटरव्यू के लिए जा रहा है। 10 बजे उसका पेपर और इंटरव्यू है, लेकिन काफी देर तक पुलिस नहीं मानी। युवक ने इसका एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। युवक गांव हेमुमाजरा का रहने वाला है और परीक्षा के लिए बाइक पर सवार होकर पंजाब के पटियाला शहर में जा रहा था। उसकी बाइक पर नंबर प्लेट नहीं थी। जैसे ही युवक पटियाला रोड पर पहुंचा तो डायल 112 टीम के कर्मचारियों ने उसे रोक लिया और दस्तावेज दिखाने के लिए कहा। हालांकि बाद में पुलिस ने युवक के परिजनों को मौके पर बुलाया और मामले को शांत करवा दिया, लेकिन उस दौरान पुलिसकर्मियों और युवक के बीच काफी बहस हुई। वीडियो में पुलिसकर्मी उसे दस्तावेज दिखाने के बाद जाने देने की बात कहते दिखाई दे रहे हैं। इस पर युवक कहता है कि आप लोग मेरे साथ धक्का कर रहे हैं।

## मुख्य रास्ते से दिनभर उड़ रही धूल से परेशान हुए मरीज, नहीं हो रहा पानी का छिड़काव

# नागरिक अस्पताल में कछुआ गति से हो रहा रेनोवेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में 14.91 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे रेनोवेशन कार्य बेहद धीमी गति से आगे बढ़ रहे हैं। इस समय मुख्य रास्ते पर ब्लॉक उखाड़ कर इसे पक्का करने का काम किया जा रहा है। गत एक सप्ताह से यहां कार्य जारी है। न तो यहां पर पानी का छिड़काव किया जाता है और न ही कार्य में तेजी लाई जा रही है। जिसके चलते दिनभर यहां धूल उड़ती रहती है जो अस्पताल आने वाले मरीजों व उनके तिमारदारों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। पानी का छिड़काव न होने से धूल का गुबार पूरे अस्पताल परिसर में फैला रहता है, जिससे सांस के मरीजों और बच्चों की स्थिति और भी गंभीर हो रही है। नागरिक अस्पताल में जगह-जगह पिछले सात माह से रेनोवेशन का कार्य चल रहा है लेकिन काम की रफ्तार इतनी सुस्त है कि इसे देखकर कछुआ गति वाली उपमा दी जा रही है। अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार के पास खुदाई, मलबा और निर्माण सामग्री बिखरी पड़ी है। अब अगर बारिश होती है तो अस्पताल जाने वाला रास्ता पूरी तरह से कीचड़ में तबदील हो जाएगा और मरीजों के लिए पहुंचना मुश्किल हो जाएगा। काम इतनी धीमी गति से चल रहा है कि लगता है साल भर में पूरा नहीं होगा। अस्पताल में आने वाले मरीजों का कहना है कि निर्माण एजेंसी पानी का छिड़काव तक नहीं कर रही है। जबकि यह जरूरी उपाय है। धूल के कारण ओपीडी में बैठे मरीज आंखों में जलन, खांसी और सांस की तकलीफ की शिकायत कर रहे हैं। खासकर बुजुर्ग और बच्चे इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। सरकार द्वारा स्वीकृत इस रेनोवेशन प्रोजेक्ट में अस्पताल भवन की मरम्मत, नई सुविधाओं का निर्माण, वार्डों का विस्तार और आधुनिक उपकरणों की व्यवस्था शामिल है।



**जींद।** नागरिक अस्पताल में करवाया जा रहा रास्ता निर्माण कार्य।

### जल्द पूरा करवाया जाएगा निर्माण कार्य : डा. पूनिया

पीएमओ डा. रघुवीर पूनिया ने कहा कि रास्ता निर्माण को लेकर संबंधित ठेकेदार को कहा गया है। मिट्टी भरत का कार्य शुरू हो गया है। पानी छिड़काव भी करवाया जाएगा। उम्मीद है कि आगामी दो से तीन दिन में यह कार्य पूरा हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### जीवन मनुष्यों की भलाई और परोपकार के लिए

**जींद।** रोहतक रोड पर कला धाम मंदिर में ऋषि सुखदेव जी महाराज के सानिध्य में सर्व सुख शांति व विश्व कल्याण हेतू जय निराधार-जय कलाकार की ध्वनि से महामंत्र अखंड जाप एवं जरूरतमंदों के सहायतार्थ मासिक राशन वितरण समारोह व भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऋषि सुखदेव महाराज ने प्रवचनों द्वारा सभी श्रद्धालुओं को ज्ञान अमृत वर्षा से निहाल करते हुए कहा कि सारा विश्व प्रभु भगवान को याद करता है। परंतु परोपकारी वह होता है, जिसको परमपिता प्रभु भगवान याद करते हैं। परम सत्य ज्ञान द्वारा धर्म के सही मार्ग पर चल कर परोपकार करने से ही परमपिता प्रभु भगवान की प्राप्ति संभव है। जब कोई इंसान किसी व्यक्ति को कोई वस्तु मुफ्त देकर और कोई टीचर या गुरु अपने शिष्य को फ्री शिक्षा देकर बदले में धन या कोई मान सम्मान की इच्छा रखता है तो वह केवल उपकार है।

### एसडी कन्या कॉलेज में मेधावियों का सम्मान

**नरवाना।** एसडी कन्या कालेज नरवाना में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं के सम्मान में शनिवार 23 मई को एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक समिति द्वारा मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सभी अतिथिगणो का स्वागत गीत द्वारा अभिनन्दन किया गया। इसके पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्य नीना गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व और सम्मान का विषय है।

### शपथ ग्रहण एवं परिवार मिलन समारोह संपन्न

**जींद।** भारत विकास परिषद जयंती शाखा जींद द्वारा भव्य शपथ ग्रहण एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिषद के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात परिषद के सिद्धांत संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। समारोह के दौरान नई कार्यकारिणी को दायित्व सौंपे गए। परिषद की नई टीम में अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी नरेश जिंदल को सौंपी गई जबकि सचिव पद पर अनीश बंसल, कोषाध्यक्ष पद पर अनिल मंगला एवं महिला प्रमुख के रूप में संजू सिंगला को जिम्मेदारी दी गई।

### उचाना खुर्द में आज रक्तदान शिविर

**उचाना।** 25 मई को उचाना खुर्द के बाबा फल्लू साध डेरा में रक्तदान शिविर आयोजित होगा। शिविर आयोजक डॉ. सुरेंद्र शास्त्री ने बताया कि बाबा गुरू मंगलानंद सेवा समिति द्वारा इसका आयोजन किया जा रहा है। रक्तदाता को सर्टिफिकेट देने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा नियमों के तहत हेलमेट भी दिया जाएगा। रक्तदान करने के लिए अधिक से अधिक पहुंचे। रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। रक्तदान को महादान बताया गया है।

### स्कूटी को टक्कर मारकर गिराया, दो युवक घायल

**जींद।** गांव खरल से पीपलथा रोड पर रंजिशन पहले गाड़ी से टक्कर मार स्कूटी को गिराया। फिर स्कूटी सवार दोनों युवकों पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गढ़ी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर छह युवकों को नामजद कर तीन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव खरल निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव ढाबी टेकसिंह निवासी सतनाम के साथ कैंटीन चलाता है। वह सतनाम को छोड़ कर घर लौट रहा था। उसी दौरान गांव के गुरमीत ने स्कूटी की चाबी निकाल ली। उस समय तो मामला शांत हो गया। जिसके बारे में उसने परिजनों को बताया तो उन्होंने सुबह बात करने की बात कही। अगले दिन वह अपने दोस्त सतनाम के साथ स्कूटी पर सवार होकर कैंटीन में जा रहा था। उसी दौरान पीपलथा रोड पर पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी।

---

निपुण हरियाणा मिशन की अभिनव पहल

# ग्रीष्मकालीन अवकाश को बनाया सीखने अनुभव और आनंद का उत्सव : राजेश

## नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक खेलों से जोड़ने का प्रयास

**पक्षियों का अवलोकन करने के लिए प्रेरित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। गतिविधि में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

निपुण मिशन के तहत हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को रोचक, व्यावहारिक और आनंदमय बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है। निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत तैयार की गई ग्रीष्मकालीन अवकाश कार्यपुस्तिका केवल एक सामान्य छुट्टी होमवर्क पुस्तक नही है बल्कि यह बच्चों के सर्वांगीण विकास, पारिवारिक जुड़ाव और अनुभवात्मक अधिगम का सशक्त माध्यम बन कर सामने आई है। इस कार्य पुस्तिका को हरियाणा सरकार के समर्पित शिक्षकों द्वारा अत्यंत संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच के साथ तैयार किया गया है। पुस्तक का मुख्य उद्देश्य बच्चों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित रखना नही बल्कि उन्हें जीवन, परिवार, समाज और अपने परिवेश से जोडन्ना है। कार्य पुस्तिका में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि वास्तविक शिक्षा केवल कक्षा-कक्ष तक सीमित नहीं होती बल्कि अनुभव, अवलोकन, संवाद, खेल, यात्राओं और सामाजिक सहभागिता से प्राप्त होती है। ग्रीष्मकालीन अवकाश को सीखने का अवसर बनाते इस पुस्तक में अनेक गतिविधि-आधारित कार्य शामिल किए गए हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में अवलोकन क्षमता, रचनात्मकता, आत्मविश्वास, सहानुभूति, अनुशासन, जिम्मेदारी और सहयोग जैसे गुण विकसित करने का प्रयास किया गया है। पुस्तक में बच्चों को परिवार के साथ समय बिताने, दादा-दादी और नाना-नानी के अनुभवों से सीखने तथा अपने आसपास की दुनिया को समझने के लिए प्रेरित किया गया है।

### पारंपरिक खेलों से जोड़ने का प्रयास

वहीं आओ खेल जानें गतिविधि के माध्यम से बच्चे अपने परिवार के बुजुर्गों से पारंपरिक खेलों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं। इससे नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक खेलों से जोडने का प्रयास किया गया है। कार्यपुस्तिका की सबसे विशेष बात यह है कि इसमें सीखने को केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रखा गया। वहीं बर्फ का पिघलना गतिविधि बच्चों को वैज्ञानिक अवलोकन और प्रयोग करने की प्रेरणा देती है। पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति से जुड़ाव को भी विशेष महत्व दिया गया है। पक्षियों के लिए दाना पात्र बनाएं गतिविधि में बच्चों को पक्षियों के लिए दाना रखने का पात्र तैयार करने और पक्षियों का अवलोकन करने के लिए प्रेरित किया गया है।

कार्यपुस्तिका में शामिल गतिविधियां बच्चों के दैनिक जीवन से सीधे जुड़ी हुई हैं। उदाहरण के तौर पर बजट देखना गतिविधि में बच्चों को माता-पिता के साथ खरीददारी कर खर्च लिखने, कीमतों की तुलना करने और बजट बनाना सिखाया गया है। गतिविधि बच्चों को गणितीय समझ के साथ आर्थिक व्यवहारिकता भी सिखाती है। इसी प्रकार अपने घर को जानो गतिविधि में बच्चों को अपने घर की संरचना, परिवार के सदस्यों और आसपास के वातावरण को समझने का अवसर दिया गया है।

### पानी बचाएं

आओ पेड़-पौधों को जानें गतिविधि में बच्चे अपने आसपास के पेड़ों और पौधों की पहचान करते हैं। वहीं जल के रक्षक गतिविधि में बच्चों को पानी बचाने और उसके सही उपयोग के बारे में जागरूक किया गया है। कार्यपुस्तिका में बच्चों की रचनात्मकता को विकसित करने के लिए भी अनेक गतिविधियां सम्मलित हैं। आओ रेल बनाएं, स्टिक से पेंसिल स्टैंड बनाएं और पुरानी चीजों का नया उपयोग जैसी गतिविधियां बच्चों को बेकार वस्तुओं से उपयोगी सामग्री तैयार करना सिखाती हैं। कार्यपुस्तिका यह संदेश देती है कि घर, परिवार, रसोई, खेत, बाजार और समाज सभी सीखने के जीवंत केंद्र हैं। मिशन की अभिनव कार्यपुस्तिका शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक और प्रेरणादायक प्रयास है। यह बच्चों के ग्रीष्मकालीन अवकाश को केवल छुट्टियों का समय न बना कर सीखने, अनुभव प्राप्त करने, परिवार के साथ जुड़ने और नई यादें संजोने का अवसर प्रदान करती है। शिक्षा विभाग की पहल निश्चित रूप से बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और उन्हें आत्मविश्वासी, संवेदनशील तथा रचनात्मक नागरिक बनने की दिशा में आगे बढ़ाएगी।

---


जींद। बैठक में भाग लेते संस्था पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

# यथार्थवाद को बढ़ाना ही हमारा उद्देश्य : आकाश

■ विवि की वार्षिक कला प्रदर्शनी में सोल एंड स्पिरिट आर्ट सोसाइटी देगी दो सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग की वार्षिक कला प्रदर्शनी में इस वर्ष से सोल एंड स्पिरिट आर्ट सोसाइटी द्वारा दो वार्षिक सम्मान प्रदान किए जाएंगें। संबंध में विवि के ललित कला विभाग ने सोसाइटी के प्रस्ताव को औपचारिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। सोसाइटी द्वारा संस्थापित किए जाने वाले सम्मानों में श्रामकिंकर बैज अवार्ड तथा अमृता शेरगिल अवार्ड शामिल हैं। श्रामकिंकर बैज अवार्ड सोसाइटी स्वर्गीय हरबंस कौर चीमा की स्मृति में तथा अमृता शेरगिल अवार्ड स्वर्गीय भगवत दयाल गौर की स्मृति में प्रदान किया जाएगा। ये सम्मान वार्षिक कला प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रदान किए जाएंगे। यह पुरस्कार बीएफए और एमएफए के छात्रों को दिया जाएगा। पुरस्कारों में नगद राशि, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह शामिल होंगे। सोसाइटी द्वारा गठित चयन समिति ने वार्षिक कला प्रदर्शनी में चयनित विद्यार्थियों में से अंतिम विजेताओं के नाम पर मोहर लगा दी है। सोसाइटी द्वारा जल्द ही विवि प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिल कर विजेताओं को सम्मान दिए जाएंगें। ललित कला विभागाध्यक्ष डा. जसवीर सिंह ने बताया कि इस प्रकार के सम्मान छात्रों को सृजनात्मक अभिव्यक्ति के लिए प्रेरित करेंगे तथा कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। कहा कि महान कलाकारों रामकिंकर बैज और अमृता शेरगिल के नाम पर दिए जाने वाले ये सम्मान प्रदर्शनी की गरिमा को और बढ़ाएंगे। सोसाइटी के उपाध्यक्ष आकाश गौड़ ने कहा कि संस्था का उद्देश्य कला में यथार्थवाद और रचनात्मकता को बढ़ावा देना है। कहा कि युवा कलाकारों को मंच और सम्मान मिलने से उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है तथा वे समाज और संस्कृति से जुड़े विषयों को अपनी कला के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर पाते हैं। आशा व्यक्त की कि सोल एंड स्पिरिट आर्ट सोसाइटी और चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित होने वाली वार्षिक कला प्रदर्शनी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगी।

---

# शिक्षा के क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले श्रेष्ठ विद्यार्थियों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल विद्या मंदिर में उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने सत्र 2025-26 में दसवीं क्लास में 20 मेरिट तथा 12वीं क्लास में 12 विद्यार्थियों की मेरिट प्राप्त करके उपलब्धि हासिल की। केंद्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता रुद्राक्ष मिड्ढा रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि निरंतर प्रयास करने से सफलता मिलेगी। कोई छोटा नहीं होता। छोटे पौधे से ही विशाल वृक्ष का निर्माण होता है। इसलिए आप भी राष्ट्रीय हित में निजी जीवन का विकास करते हुए आगे बढ़ते रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करने वाले अश्विनी आर्य ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। इसी कार्यक्रम में कुंडू खाप के राष्ट्रीय महासचिव संतराम कुंडू उपस्थित रहे और उन्होंने बताया कि लगातार समाज के उत्थान के लिए विद्यार्थियों को आगे आना चाहिए। इस अवसर पर सुखवीर शर्मा संचालक ने माइंड क्यु एआई के बारे में समझाया तथा प्रधान ओम प्रकाश शर्मा, सेवानिवृत रामभगत शर्मा तथा समाज के वरिष्ठ नागरिक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य सुनील शांडिल्य ने बताया कि हरियाणा प्रदेश में सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहले कल्पना चावला अवार्ड स्कूल है। इस मौके पर जयप्रकाश दहिया, सतवीर दहिया तथा रीटा धीमान तथा संतोष देवी उपस्थित रहे।

---

# कर्मयोगी कृष्ण पुस्तक को बेस्ट बुक ऑफ द ईयर 2024 पुरस्कार से सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। कृष्ण आर्य द्वारा लिखित पुस्तक को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित उत्कृष्ट कृति वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में कर्मयोगी कृष्ण पुस्तक को बेस्ट बुक ऑफ द ईयर 2024 पुरस्कार से सम्मानित किया। इसका लेखन हरियाणा सरकार में कार्यरत जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. कृष्ण के आर्य ने किया है। इसके लिए चंडीगढ़ साहित्य अकादमी का आभार व्यक्त किया। राज्यपाल ने इस दौरान विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट लेखन कार्य करने वाले साहित्यकारों को शुभकामनाएं देते कहा कि समाज के नवनिर्माण और नवीनीकरण में साहित्य का अहम योगदान होता है। डा. आर्य ने अपनी पुस्तक कर्मयोगी कृष्ण के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि यह पुस्तक भगवान श्रीकृष्ण के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं और उनके महान चरित्र की शुद्ध अभिव्यक्ति है। वर्तमान परिदृश्य में भगवान श्रीकृष्ण मानव मात्र के पुरोद्धा है। उनके जीवन की दिव्यता से आज का समाज रोशन हो रहा है। सृष्टि के अभी तक के काल में वही एक मात्र ऐसे चरित्र रहे हैं, जिनको अनेक ऋषियों ने उत्कृष्टता प्रमाण पत्र दिया है। महर्षि दयानंद सरस्वती ने तो यहां तक कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म से मृत्यु पर्यंत कभी कोई अधर्म का कार्य नहीं किया। वह आप्त पुरुष थे। उनके लिए चोर, लम्पट, रसिया जैसे अनैतिक और घटिया शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं।

---


उचाना। शिव गुरूकुलम छात्तर में विजेता प्रतिभागी। फोटो :हरिभूमि

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अजर सदन रहा अव्वल

**उचाना।** शिव गुरुकुलम छात्तर के प्रांगण में अंग्रेजी विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्राचार्या राज रेढू ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास हेतु प्रार्थना सभा में वाचन कौशल विकसित करने हेतु प्रतिदिन भाषण करवाया जाता है व सप्ताहांत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई जाती है।अंतर-सदनीय प्रश्नोत्तरी अमर, अभय, अजर व अनुपम सदन में करवाई गई। संचालन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष नरेश, सीमा ने संयुक्त रूप से किया। निर्णायक की भूमिका दिनेश, सुमित ने निभाई। विजेता टीम में अंशिका कक्षा 12वीं कला, पायल कक्षा 11वीं नॉन-मेडिकल, साक्षी कक्षा 10वीं एवं पावनी कक्षा 9वीं शामिल रही। विजेता सदन अजर सदन को पुरस्कृत किया। विद्यालय ग्रामीण परिवेश का एक मात्र विद्यालय है जिसमें निर्धन मेधावी छात्र 100 प्रतिशत निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करते हैं।

---

# जयराम अस्पताल के निःशुल्क शिविर में 52 मरीजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



कैनाल रोड स्थित श्री जयराम नेत्र, दंत, प्रसूति एवं सामान्य अस्पताल में शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में नरवाना क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों व शहरवासियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से कुल 52 मरीज पंचकर्मा के व 25 मरीज गायनेकोलॉजी के स्वास्थ्य की बारीकी से जांच की गई। शिविर में पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ. मोनिका घनघस व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चित्रा वत्स ने अपनी सेवाएं देते हुए एसिडिटी, कब्ज, फैटी लीवर, बवासीर व स्त्रियों से संबंधित बीमारी जैसे रोगों की जांच की। डॉ. मोनिका ने बताया कि जांच के दौरान पेट में गैस की समस्या के मरीजों की संख्या सबसे अधिक पाई गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिविर के समापन के बाद भी अस्पताल में उनकी सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध रहेंगी। समिति के प्रधान कैलाश सिंगला ने शिविर का अवलोकन करते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कहा, /"हमारा लक्ष्य है कि आमजन को बिना किसी आर्थिक बोझ के विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधा मिले, ताकि गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान और उपचार हो सके। इस मौके पर अस्पताल के पूर्व प्रधान नरेश जैन, संयोजक विनोद मंगला,पवन मित्तल, जयपाल बंसल, देवीराम गर्ग, राकेश शर्मा, सतीश बंसल, बजरंग बाता, बॉबी जिंदल सहित समिति के कई सदस्य मौजूद रहे।

---


उचाना। अनिल कुमार के निवास पर पहुंचे विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### अनिल झील का हालचाल जानने पहुंचे विधायक

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री हलके के गांव झील में आईटी प्रमुख भाजपा उचाना अनिल का हालचाल जानने पहुंचे। जल्द स्वस्थ होने की कामना भगवान से की। विधायक ने कहा कि उचाना हलका उनका परिवार है। पार्टी कार्यकर्ता उनके परिवार के सदस्य है। लकवा होने के कारण अनिल कुमार का स्वास्थ्य ठीक नहीं होने की जानकारी मिलने के बाद उनके निवास पर पहुंचे। यहां पर उनके परिवार के सदस्यों के साथ भी बातचीत की। अचानक विधायक को अपने निवास पर देख कर अनिल के साथ-साथ पूरे परिवार के सदस्य खुश हो गए। अनिल ने कहा कि हर कार्यकर्ता को परिवार का सदस्य विधायक मानते है।

---

मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित, महर्षि के आदर्शों को अपना कर प्रेम और भाईचारा बढ़ाने का आह्वान

# स्वार्थ, हिंसा और पर्यावरण संकट के दौर में महर्षि कश्यप के विचार अधिक प्रासंगिक : कर्मवीर सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। समारोह को संबोधित करते राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी।

सफीदों क्षेत्र के बड़े गांव मुआना में रविवार को महर्षि कश्यप जयंती श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक सौहार्द के वातावरण में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में हरियाणा के राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह के दौरान आयोजकों एवं मुख्य अतिथि द्वारा मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए कर्मवीर सैनी ने कहा कि महर्षि कश्यप केवल एक महान ऋषि ही नही बल्कि भारतीय संस्कृतिए सनातन परंपरा और मानवता के प्रेरणास्त्रोत थे। अपने तपए त्याग व ज्ञान से समाज को यह संदेश दिया कि मानव जीवन का उद्देश्य केवल स्वयं का कल्याण नहींए बल्कि सम्पूर्ण समाज और प्रकृति की रक्षा करना भी है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया स्वार्थ, हिंसा और पर्यावरण संकट जैसी समस्याओं से जूझ रही है। ऐसे समय में महर्षि कश्यप के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। उन्होंने प्रकृति और मानव के बीच संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया था। पेड़, पौधों, पशु व पक्षियों और समस्त जीव व जंतुओं के प्रति प्रेम और दया रखना ही सच्चे संस्कारों की पहचान है। राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने कहा कि महर्षि कश्यप को सृष्टि का जनक माना जाता है और वेद व पुराण भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि उनकी संतानों से देवता, मनुष्य और अनेक जीवों की उत्पत्ति हुई। उनका जीवन हर जीव के प्रति सम्मान और करुणा का संदेश देता है। कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि उसमें संस्कारए अनुशासन और विनम्रता का समावेश भी आवश्यक है। युवाओं को महर्षि कश्यप के आदर्शों को अपना कर समाज में प्रेमख शांति और भाईचारे का संदेश फैलाना चाहिए। कर्मवीर सैनी ने समारोह में उपस्थित लोगों को सत्य, धर्म, शिक्षा, संस्कार और प्रकृति संरक्षण का संकल्प दिलाया। जगदीश कश्यप, रणबीर कश्यप, प्रमोद, राजेंद सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

---


खेड़ी मसानियां में लाइब्रेरी का उदघाटन करते जिला परिषद चेयरपर्सन मनीषा रंधावा।

### शिक्षित युवा ही देश और समाज का भविष्य : मनीषा

**उचाना।** खेड़ी मंसानिया, सेढ़ा माजरा एवं दरोली खेड़ा में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित लाइब्रेरी का उद्घाटन जिला परिषद चेयरपर्सन मनीषा रंधावा द्वारा किया गया। अध्यक्षता वार्ड नंबर 6 जिला पार्षद इंदू बाला ने की। कुलदीप रंधावा, मा. ओमपाल मुख्य रूप से मौजूद रहे। ग्रामीणों, युवाओं ने स्वागत करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। रंधावा ने कहा कि आज के दौर में शिक्षा सबसे बड़ी ताकत है और गांव स्तर पर लाइब्रेरी बनने से युवाओं को पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं और डिजिटल शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे। गांव से युवाओं को दूर नहीं जाना पड़ेगा। समय एवं धन की बचत होगी। शिक्षित युवा ही देश और समाज का भविष्य तय करता है। गांव-गांव में शिक्षा, खेल और विकास को मजबूत करना ही हमारा लक्ष्य है ताकि आने वाली पीढ़ी को बेहतर माहौल और उज्ज्वल भविष्य मिल सके। तीन गांवों में लाइब्रेरी का उद्घाटन किया है। काफी गांव में कार्य चल रहा है।

## आम सभा में शिक्षा, संस्कार और सामाजिक एकता पर दिया विशेष जोर

# कन्या शिक्षा के विस्तार में समाज की भागीदारी जरूरी: तेजवीर सिंह

समाज के सहयोग से ही ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिल पाए हैं। चौधरी ईश्वर सिंह के योगदान को याद किया



ढांड। पूर्व विधायक तेजवीर सिंह कार्यकर्ताओं के साथ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड

कन्या महाविद्यालय (पंजीकृत) ढांड-डडवाना की आम सभा की बैठक शनिवार को महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के प्रधान एवं पूर्व विधायक तेजवीर सिंह ने की। बैठक में समिति सदस्यों, शिक्षाविदों तथा क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए तेजवीर सिंह ने कहा कि क्षेत्र के बुजुर्गों और समाजसेवियों ने त्याग, समर्पण एवं दान की भावना से पुंडरी हलके में पांच डिग्री कॉलेज स्थापित कर शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से ही ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिल पाए हैं।

उन्होंने विशेष रूप से चौधरी ईश्वर सिंह के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने कन्या शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जो अभियान शुरू किया था, वह आज एक बड़े शिक्षा आंदोलन का रूप ले चुका है। ग्रामीण परिवेश की बेटियों को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने में उनकी सोच प्रेरणादायक रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के मार्गदर्शन, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के सहयोग से हरियाणा में शिक्षा का वातावरण और अधिक मजबूत हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर लगातार ऊंचा उठ रहा है और बेटियों को नई संभावनाएं प्राप्त हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि समिति के सदस्यों एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से वे पिछले 28 वर्षों से चौधरी ईश्वर सिंह की विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं और भविष्य में भी शिक्षा एवं समाजसेवा के इस मिशन को पूरी निष्ठा के साथ जारी रखेंगे। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से कन्या शिक्षा को बढ़ावा देने में सहयोग देने का आह्वान किया।

बैठक का वातावरण शिक्षा के प्रति समर्पण, सामाजिक एकता और संस्था के उज्ज्वल भविष्य के संकल्प से ओत-प्रोत रहा।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा

चौधरी तेजवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है तथा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य हर नागरिक के लिए प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, संस्कृति और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए सरकार लगातार सकारात्मक प्रयास कर रही है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सोसायटी के उपप्रधान जीत सिंह बटेड़ी, प्रेम सिंह (सेवानिवृत्त एसडीएम), सुदर्शन (सेवानिवृत्त डीआरओ), चौधरी चमेल सिंह बरसाना, मास्टर शमशेर सिंह, जगदीश क्वात्रा, बलबीर सिंह ट्योंथा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## प्लाट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी, मामला दर्ज

कैथल। शहर के चंदाना गेट निवासी एक व्यक्ति के साथ प्लॉट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी करने और दोहरा ब्याना कर जमीन हड़पने के आरोप में थाना सिविल लाइन पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में सुंदरान मोहल्ला निवासी प्रवेश कुमार ने बताया कि उसने साल 2013 में पट्टी अफगान निवासी अनिल कुमार से 148 वर्ग गज का प्लॉट पांच लाख रुपए में इकरारनामे के जरिए खरीदा था। प्लॉट का कब्जा भी उसे दे दिया गया था और उसने वहां नींव भरवाकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया था।

आरोप लगाया कि 28 अप्रैल 2026 को जब वह अपने प्लॉट पर पहुंचा तो वहां कुछ लोग नींव उखाड़ रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची। अनिल कुमार ने पहले साल 2013 में इस प्लॉट का इकरारनामा उसके के नाम किया, लेकिन बाद में उसी जमीन का दोबारा ब्याना मानस निवासी सतीश कुमार के नाम कर दिया। दोनों ने आपस में साजिश कर उसके प्लॉट को हड़पने का प्रयास किया। जांच अधिकारी एएसआई संदीप ने बताया कि जांच के दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## एमए हिंदी में 98.2% अंक प्राप्त किए

# कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की टॉपर बनी काजल



राजौंद। एमए हिंदी टॉपर काजल को प्रतिभा सम्मान अभियान के तहत सम्मानित करते हुए कन्या शक्ति मिशन फाउंडेशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

कन्या शक्ति मिशन फाउंडेशन की ओर से चलाए जा रहे प्रतिभा सम्मान अभियान के तहत नगर पालिका राजौंद के वार्ड नंबर 7 जींद रोड निवासी बेटी काजल को सम्मानित किया गया। काजल ने एमए हिंदी में 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में टॉप कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। फाउंडेशन की टीम ने काजल के निवास स्थान पर पहुंचकर उसे तिरंगा भेंट किया, फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर उसका उत्साहवर्धन किया। राजकुमार सिसला ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और समाज को उन पर गर्व है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर अन्य बच्चों को प्रेरित करना है।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव राजकुमार मुन्नारेहड़ी, प्रदेश सचिव खुशवंत सिंह बंदराना, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कैलाश चंद सिरसवाल, पूर्व सरपंच संजीव सिकंदरखेड़ी,संजीव कुमार, एडवोकेट मुकेश राणा, सरदार नवजोत सिंह, पूर्व पंच सुनील राणा, नरेश कुमार पंवार, हैप्पी पंवार, संजय पंवार, विजय कुमार, मदन लाल, राजिंदर, बलवान सिंह, बंसीलाल, रवि मुंडे, मास्टर राजीव बढ़गुज्जर,रामफल, महिपाल, बंटी जांगल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## पेट्रोल 100 के पार, बढ़ती कीमतों ने बिगाड़ा आम आदमी का बजट

# भाजपा ने दी जनता को महंगाई की सौगात: रामचंद्र गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड ने कहा कि भाजपा ने जनता को महंगाई की सौगात दी है। पेट्रोल की कीमतों ने 100 रुपये 35 पैसे प्रति लीटर पहुंचकर आम जनता का बजट बिगाड दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग एक सप्ताह के दौरान तीन बार पेट्रोल के दाम बढ़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि बीते पांच-छह महीनों से पेट्रोल के दाम लगभग 95 से 96 रुपये प्रति लीटर के बीच बने हुए थे, लेकिन अब कीमत 100 रुपये पार पहुंचने से आम आदमी की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने का सीधा असर परिवहन खर्च पर पड़ता है, जिससे रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम भी बढ़ने लगते हैं। सब्जियां, खाद्य सामग्री, दूध और अन्य आवश्यक सामान महंगे होने से मध्यम वर्ग और मजदूर वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि पहले ही लोग महंगाई से परेशान हैं। घरेलू खर्च, बिजली बिल, गैस सिलेंडर और शिक्षा का खर्च लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में पेट्रोल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी आम आदमी की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है। उन्होंने कहा कि आज पहले ही आम आदमी महंगाई के दबाव में जीवन गुजार रहा है। बिजली, गैस, शिक्षा और घरेलू जरूरतों का खर्च लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में पेट्रोल की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी लोगों की कमर तोड़ने का काम कर रही है। कई परिवार अब यात्रा कम करने और खर्चों में कटौती करने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं ताकि आम जनता को राहत मिल सके।



## गीता के उपदेशों को जीवन में अपनाने का दिया संदेश

पूंडरी। श्री कृष्ण कृपा कथा आयोजन समिति एवं भारत विकास परिषद फतेहपुर-पूंडरी के तत्वावधान में पूंडरी की अनाज मंडी में आयोजित तीन दिवसीय दिव्य गीता सत्संग के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए गीता उपदेशों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महाभारत युद्ध से पूर्व अर्जुन जब मोह और भ्रम में पड़ गए थे, तब भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें कर्म, धर्म और सत्य का मार्ग दिखाया। स्वामी जी ने कहा कि गीता हमें सिखाती है कि मनुष्य को बिना फल की इच्छा किए अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए। जीवन में कठिन परिस्थितियों से घबराने के बजाय धैर्य और विश्वास के साथ आगे बढ़ना ही गीता का सार है। स्वामी जी ने कहा, "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन" अर्थात मनुष्य का अधिकार केवल कर्म करने में है, फल की चिंता करना उसका कार्य नहीं है। उन्होंने श्रद्धालुओं से गीता के उपदेशों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। सत्संग के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन में भावविभोर नजर आए। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष विनोद बंसल, संदीप गर्ग, विजय कंसल, अमित टाया, रविकांत गर्ग, राहुल सिढाना, अशोक अग्रवाल, राघवेंद्र नागरथ और पंडित रविदत्त शास्त्री सहित बड़ी संख्या में महिला शक्ति मौजूद रही।

## क्षेत्र की सुख समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की गई

# माता मदानन की पूजा-अर्चना और विशाल भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन



सीवन। आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

नगर के पीपल वाला चौक में युवा समाजसेवियों द्वारा माता मदानन की श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुबह के समय विधिवत पूजा-अर्चना एवं हवन किया गया, जिसमें क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की गई। श्रद्धालुओं ने माता के जयकारों के साथ धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया और वातावरण भक्तिमय बना रहा। हवन यज्ञ के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए कढ़ी-चावल व हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। भंडारे में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर पूरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इस अवसर पर प्रेमचंद शर्मा, चिमन लाल गर्ग, सोहनलाल सैनी, विजय शर्मा, अजय भट्ट, अशोक कथूरिया, शमशेर सैनी एवं रोशनलाल शर्मा ने बताया कि माता मदानन की पूजा क्षेत्र की सुख-शांति और लोगों की खुशहाली के लिए की जाती है। उन्होंने कहा कि माता अपने भक्तों पर सदैव कृपा बनाए रखती हैं और सच्चे मन से की गई आराधना से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। आयोजन को सफल बनाने में युवा समाजसेवियों एवं क्षेत्रवासियों ने सहयोग किया।

## श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर दादाखेड़ा में लगाई हाजिरी



ढांड। प्राचीन दादाखेड़ा सेवा समिति कौल के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्राचीन दादाखेड़ा में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना एवं हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ के उपरांत बादा नगरखेड़ा के नाम पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर दादाखेड़ा में अपनी हाजिरी लगाई। समिति सदस्य दीपक दीक्षित ने बताया कि समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष इसी दिन प्राचीन दादाखेड़ा के नाम पर धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना, हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारे, श्रद्धा एवं सामाजिक एकता की भावना मजबूत होती है। पंडित नंद किशोर ने पूरे विधि-विधान के साथ हवन यज्ञ संपन्न करवाया, जिसमें यजमान के रूप में अमन वर्मा अपनी अर्धांगिनी प्रीति वर्मा के साथ उपस्थित रहे और धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया। भंडारे में क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा दादाखेड़ा में माथा टेककर सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस अवसर पर समिति प्रधान रणबीर , सचिव अरुण शर्मा (बिट्टू), दीपक दीक्षित, जतिन दीक्षित, अमन वर्मा, बाबू वर्मा, हैप्पी सगवाल, सक्षम, विकास वर्मा, सतप्रकाश वर्मा, राजकुमार वर्मा, अशोक पेंटर, सौरव शर्मा, झिंडर मिस्त्री, डॉ. दीपक चंदेल, अमित शर्मा जिद्दी, काका (एलआईसी), पंडित नंद किशोर एवं पंडित रामशरण शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# लूट की वारदात का प्रयास करने वाले 4 आरोपी काबू

- पुलिस कर्मचारियों को कुचलने का किया प्रयास
- टटीयाना नाका पर नाकाबंदी के दौरान आरोपियों को काबू किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। थाना चीका पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना चीका पुलिस ने लूट की वारदात का प्रयास करने वाले गिरोह के 4 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों ने देर रात पटियाला रोड पर एक कार सवार युवकों को रोककर सोने की चैन, कड़ा व नकदी लूटने का प्रयास किया तथा पुलिस नाका पर तैनात कर्मचारियों को गाड़ी से कुचलने की कोशिश भी की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की नवाब अली निवासी गांव झंडी जिला पटियाला पंजाब की शिकायत अनुसार वह अपने दोस्त हरविंदर सिंह के साथ गाड़ी में सवार होकर कुरुक्षेत्र से अपने गांव लौट रहा था। रात करीब 12:15 बजे जब वे चीका चौक से पटियाला रोड की तरफ मुड़े तो पीछे से एक काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार 7-8 युवकों ने उनकी गाड़ी को ओवरटेक कर जबरदस्ती रोकने का प्रयास किया। शिकायतकर्ता द्वारा गाड़ी तेज गति से भगाने पर आरोपी लगातार पीछा करते रहे। टटियाना गांव के पास आरोपियों ने अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी शिकायतकर्ता की गाड़ी के आगे अड़ा कर उसे रुकवा लिया। इस दौरान एक युवक, जिसने अपना नाम सुखदेव उर्फ सुखा निवासी चीका बताया, गाड़ी से नीचे उतरा और शिकायतकर्ता की गाड़ी की चाबी निकाल ली। आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर सोने का कड़ा, चैन और नकदी मांगनी शुरू कर दी। इसी दौरान स्कॉर्पियो में सवार अन्य युवक भी डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए। शिकायतकर्ता व उसका साथी मौका पाकर वहां से भागकर कुछ दूरी पर लगे पुलिस नाका पर पहुंचे। आरोपी भी उनके पीछे-पीछे स्कॉर्पियो लेकर पुलिस नाका तक पहुंच गए।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर और निर्णायक शक्ति बनाने का काम कर रही है भाजपा सरकार : शैली मुंजाल



सीवन। भाजपा की जिला उपाध्यक्ष एवं सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन शैली मुंजाल तथा महिला मोर्चा सीवन मंडल की अध्यक्षा कृष्णा कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिलाओं को नई पहचान, नया आत्मविश्वास और नई दिशा मिली है। भाजपा सरकार ने महिला सशक्तिकरण को केवल नारे तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे धरातल पर उतारने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। शिक्षा, राजनीति, प्रशासन, व्यापार और खेल जगत में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। भाजपा सरकार की योजनाओं ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का मजबूत आधार दिया है। शैली मुंजाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति मानते हुए अनेक जनहितकारी योजनाएं शुरू की हैं। उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं ने लाखों महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। कृष्णा कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में भी महिलाओं को सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। महिलाओं को नेतृत्व के अवसर देने और समाज की मुख्यधारा में आगे लाने की सोच से प्रदेश में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है। दोनों महिला नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास की मजबूत भागीदार बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

# कैथल पुलिस की तत्परता से 3 वर्षीय मासूम सकुशल परिजनों को मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। बच्चे को खाना खिलाते पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

डायल-112 पुलिस टीम ने तत्परता एवं मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक 3 वर्षीय मासूम बच्चे को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुंचाकर सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि डायल-112 गाड़ी नंबर 387 के इंचार्ज एचसी अनिल कुमार की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि प्योदा रोड से जींद रोड की तरफ एक छोटा बच्चा लावारिस अवस्था में घूम रहा है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और बच्चे को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। बच्चा काफी छोटा होने के कारण अपने घर अथवा परिजनों के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहा था। इसके बाद पुलिस टीम ने पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ बच्चे के परिजनों की तलाश शुरू की। आसपास के लोगों से पूछताछ की गई तथा विभिन्न माध्यमों से बच्चे की पहचान करवाने के प्रयास किए गए।

पुलिस की सतर्कता और लगातार प्रयासों के चलते मात्र एक घंटे के भीतर बच्चे के परिजनों का पता लगा लिया गया। बाद में बच्चे के परिजनों को थाना सिविल लाइन कैथल बुलाया गया, जहां आवश्यक पुष्टि के उपरांत बच्चे को सकुशल उनके हवाले कर दिया गया। अपने बच्चे को सुरक्षित देखकर परिजन भावुक हो उठे और बार-बार कैथल पुलिस तथा डायल-112 टीम का धन्यवाद व्यक्त करते रहे। प्राथमिक जांच में सामने आया कि उक्त बच्चा प्योदा रोड क्षेत्र का रहने वाला है, जो खेलते-खेलते अकेला जींद रोड की तरफ पहुंच गया था। समय रहते पुलिस द्वारा बच्चे को सुरक्षित संरक्षण में लेने से कोई अप्रिय घटना होने से बच गई।

## शिकायतकर्ता बोला : भ्रष्टाचारी खुद को भ्रष्टाचारी क्यों साबित करेंगे

स्थानीय अधिकारियों की लीपापोती से परेशान, अब महानिदेशक से एफआईआर दर्ज करने की मांग

# बिना नाला बने ही डकार गए लाखों का बजट, कागजों में सिमटा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका



जींद। अपनी शिकायत को दिखाते संभालु जिंदल फोटो : हरिभूमि

चीका नगरपालिका में कथित भ्रष्टाचार और सरकारी धन के गबन का एक बड़ा मामला सामने आया है। आरोप है कि देवी लाल पार्क रोड पर नाले के निर्माण के नाम पर लाखों रुपये का बजट खर्च दिखा दिया गया, जबकि धरातल पर नाले का कोई अस्तित्व ही नहीं है। मामले में स्थानीय अधिकारियों पर लीपापोती करने के आरोप लगाते हुए शिकायतकर्ता ने अब तीसरी बार महानिदेशक शहरी स्थानीय निकाय, हरियाणा को शिकायत भेजकर उच्च स्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

शिकायतकर्ता संभालु जिंदल ने आरोप लगाया कि नगरपालिका के एमई राजेश कुमार, जेई खुशी राम और संबंधित ठेकेदार ने मिलीभगत कर बिना निर्माण कार्य करवाए सरकारी धन का गबन किया है। उनका कहना है कि मौके पर नाले का कोई निर्माण नहीं हुआ, लेकिन रिकॉर्ड में कार्य पूर्ण दर्शाकर भुगतान प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है।

### दोषियों पर एफआइआर दर्ज करने की मांग

शिकायतकर्ता ने डीएमसी कैथल के पूर्व पत्रों को साक्ष्य के रूप में संलग्न करते हुए महानिदेशक से मांग की है कि मामले में शामिल जेई खुशी राम, एमई राजेश कुमार और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ तत्काल विभागीय कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की जाए।

### धरातल पर कुछ नहीं, कागजों में पूरा निर्माण

शिकायतकर्ता के अनुसार यह पूरा मामला सरकारी धन की खुली लूट का उदाहरण है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने फर्जी रिकॉर्ड तैयार कर विकास कार्य केवल कागजों में पूरा दिखा दिया। उन्होंने कहा कि मामले की शिकायत पहले भी कई बार उच्च अधिकारियों को दी जा चुकी है। महानिदेशक के निर्देश पर डीएमसी कैथल ने नगरपालिका सचिव को जांच के आदेश दिए थे, लेकिन जांच उन्हीं अधिकारियों को सौंप दी गई जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। संभालु जिंदल ने सवाल उठाते हुए कहा, जिन अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं, वे खुद को दोषी कैसे ठहराएंगे? यह जांच नहीं बल्कि मामले को दबाने का प्रयास है।

### जांच के नाम पर गुमराह करने का आरोप

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि मामले को दबाने के लिए अधिकारियों द्वारा केवल कागजी कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि कार्यकारी अभियंता एवं लेखाधिकारी, नगर परिषद कैथल द्वारा पत्र क्रमांक 780-782 दिनांक 16 अप्रैल 2026 जारी कर एमई वरुण कुमार को 22 अप्रैल को मौके पर जांच के निर्देश दिए गए थे, लेकिन तय तिथि पर कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। शिकायतकर्ता का आरोप है कि यह पूरा पत्राचार केवल उच्च अधिकारियों को गुमराह करने और मामले को ठंडे बस्ते में डालने के लिए किया गया। **"वीडियोग्राफी का खर्च भी खुद उठाऊंगा"** : संभालु जिंदल ने महानिदेशक के समक्ष मांग रखी है कि मुख्यालय स्तर से स्वतंत्र जांच टीम गठित की जाए, जो उनकी मौजूदगी में मौके की पैमाइश और वीडियोग्राफी कराए। उन्होंने कहा कि पूरी वीडियोग्राफी और जांच प्रक्रिया का खर्च भी वह स्वयं उठाने को तैयार हैं।

## खबर संक्षेप

### दुकान में घुसकर तोड़फोड़ कर सामान चुराया

**कैथल।** शहर के करनाल रोड स्थित संजोग पैलेस मार्केट में दुकान में घुसकर तोड़फोड़ कर सामान चोरी कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर एक आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में नेहरू गार्डन कॉलोनी निवासी नरेश कुमार ने बताया कि उन्होंने साल 2022 में संजोन पैलेस मार्केट में स्थित दुकान नंबर-54 विमला देवी से खरीदी थी।

### ग्रामीण सफाई कर्मियों का दो दिन का महापड़ाव

**नरवाना।** नरवाना में सफाई कर्मचारियों का दो दिन महापड़ाव, सफाई कर्मचारियों ने भरी हुंकार भगतसिंह चौंक ओर सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन और अपना आदर्श बताया। 25 मई को कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के निवास स्थान का करेंगे घेराव। हरियाणा भर से आए ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने सरकार और कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी को जी भरकर कौसा।

### रंजिश के चलते फल की दुकान में लगाई आग

**कैथल।** जिले के गांव कौल में पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति द्वारा फल की दुकान में आग लगा दी। दुकानदार का आरोप है कि इस आगजनी की घटना में उसके करीब 1.60 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। ढांड पुलिस को दी शिकायत में गांव कौल निवासी भाग सिंह ने बताया कि 23 मई की रात मनोज कुमार ने फोन कर सूचना दी कि उसकी दुकान में आग लग गई है।

### 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के तहत जागरूकता रैली

**राजौंद।** राजौंद में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर कन्या भ्रूण हत्या रोकने, बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने और समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने का संदेश दिया। उप स्वास्थ्य केंद्र राजौंद के अंतर्गत एवीएम स्कूल की मुख्य अध्यापिका नीलम शर्मा के सहयोग से आयोजित इस रैली में बच्चों ने गली-गली जाकर नारे लगाए।

### 7 जून को पूंडरी में सजेगा बाबा श्याम का भव्य दरबार

**पूंडरी।** श्री श्याम मित्र मंडल पूंडरी की ओर से 7 जून को आयोजित होने वाले विशाल श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर श्याम भक्त डॉ. बलविंद्र मैहला संगरौली की अध्यक्षता में मंडल सदस्यों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर सदस्यों की ड्यूटियां सौंपी गई।

### महंगाई की मार से जनता में हाहाकार : ढाठरथ

**जींद।** कांग्रेस नेता विजेंद्र ढाठरथ ने कहा कि लगातार पैट्रोल डीजल गैस के के रेट दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। जिसके कारण रोजमर्रा रसोई के समान भाव आसमान छूने लगे है। बढ़ती मंहगाई से जनता में त्राहि-त्राहि मची हुई है। गरीब आदमी खून के आंसू रो रहा है।

## मिशन एडमिशन 2 जून से शुरू, 15 जून तक किया जा सकेगा आवेदन

# आईटीआई में दाखिले के लिए विद्यार्थियों का इंतजार खत्म

*हैल्प डेस्क के माध्यम से फ्री में किए जा सकेंगे आवेदन जिले में करीब 5000 सीटों पर होगा दाखिला*

- विद्यार्थियों की सहायता के लिए संस्थान में हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे

नरेश पंवार ⏭ कैथल

आईटीआई में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों का इंतजार समाप्त हो गया। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने प्रदेश के राजकीय आईटीआई में 2026-27 दाखिला प्रक्रिया को लेकर शेडयूल जारी कर दिया है। शेडयूल अनुसार विद्यार्थी आनलाइन आवेदन 2 जून से लेकर 15 जून तक कर सकेंगे। दाखिला को लेकर जिला नोडल अधिकारी एवं प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई कैथल सतीश मच्छाल ने बताया कि इसके लिए जल्द ही दाखिला कमेटियों का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की सहायता के लिए संस्थान में हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे। कोई भी छात्र या छात्रा संस्थान में आकर हैल्प डेस्क से निःशुल्क फार्म भरवा सकेंगे। बता दें कि जिले में 9 राजकीय और 10 प्राइवेट आईटीआई चलाए जा रहे हैं।



**कैथल।** आईटीआई का भवन। *फोटो : हरिभूमि*

### आईटीआई में दाखिला बनेगा विकल्प

इस बार 10वीं तथा 12वीं में पास आउट की संख्या अधिक और कालेजों में सीटों की संख्या कम होने के कारण विद्यार्थियों का रूझान आईटीआई की ओर रहने का अनुमान जताया जा रहा है। आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो जिले में कुल 19 आईटीआई हैं। इनमें 9 राजकीय और 10 प्राइवेट आईटीआई शामिल हैं। सभी में मिलाकर दाखिला की सीट करीब 5000 बताई जा रही हैं।

### आईटीआई में होंगे करीब 1200 सीटों पर दाखिले

यदि राजकीय आईटीआई कैथल की बात की जाए तो कैथल में 1200 तथा महिला आईटीआई कैथल में करीब 300 सीटें बताई जा रही हैं। राजकीय आईटीआई कैथल में जहां 29 कोर्स चलाए जा रहे हैं वहीं महिला आईटीआई कैथल में 8 कोर्स चलाए जा रहे हैं। कोर्सों करने वाले विद्यार्थियों को आधुनिक मशीनों पर प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे प्रशिक्षण उपरांत किसी भी सरकारी व गैर सरकारी संस्थान में आसानी से नौकरी हासिल कर सकें।

### ये हैं जिले की राजकीय आईटीआई

**सीटों की अनुमानित संख्या**

| | |
|---|---|
| राजकीय आईटीआई कैथल | 1200 |
| राजकीय आईटीआई महिला कैथल | 300 |
| राजकीय आईटीआई पूंडरी | 500 |
| राजकीय आईटीआई महिला पूंडरी | 200 |
| राजकीय आईटीआई कलायत | 700 |
| राजकीय आईटीआई राजौंद | 500 |
| राजकीय आईटीआई गुहना | 150 |
| राजकीय आईटीआई गुहला एट चीका | 400 |
| राजकीय आईटीआई पबनावा | 500 |

**यहां चलाए जा रहे हैं प्राइवेट आईटीआई**

जाट प्राइवेट आईटीआई कैथल।
रामा प्राइवेट आईटीआई कुतुबपुर।
युवराज प्राइवेट आईटीआई बाता।
आदर्श प्राइवेट आईटीआई बुढाखेडा।
कैथल प्राइवेट आईटीआई मागोमाजरी।
ढांड प्राइवेट आईटीआई ढांड।
श्रीराम प्राइवेट आईटीआई राजौंद।
बीपीआर प्राइवेट आईटीआई पाडला।
डा.भीमराव अंबेडकर प्राइवेट आईटीआई पूंडरी।
हरियाणा प्राइवेट आईटीआई, कैथल।

**नहीं आएगी परेशानी**


आईटीआई के जिला नोडल अधिकारी एवं राजकीय आईटीआई कैथल के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने बताया कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने दाखिला शेडयूल जारी कर दिया है। आईटीआई में हैल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे। इच्छुक विद्यार्थी 2 जून से लेकर 15 जून तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। -प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल

**दाखिले के लिए ये दस्तावेज होंगे आवश्यक**

दसवीं या 12वीं का प्रमाण पत्र
आधार कार्ड।
फेमिली आइडी।
इ-मेल आइडी।
मोबाइल नंबर।
बैंक खाता नंबर।
जाति प्रमाण पत्र।
रिहायशी प्रमाण पत्र।
नवीनतम रंगीन फोटो।

**कैथल के महिला आईटीआई में चलाए जा रहे कोर्स**

कोपा, स्टैनो अंग्रेजी, ड्रेस मेकिंग, बेसिक कोस्टमैटोलाजी, फैशन टैक्नोलोजी, इलेक्ट्रोनिक मैकेनिक, डीएमसी, डीटीपी



**कैथल।** राष्ट्रीय ऑनलाइन वेबिनार को संबोधित करते अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

## स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज ने किया राष्ट्रीय ऑनलाइन वेबिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज द्वारा गूगल मीट के माध्यम से संशोधित बी. फार्म पाठ्यक्रम पर एक राष्ट्रीय ऑनलाइन वेबिनार का सफल आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा लागू किए गए नए बी. फार्म पाठ्यक्रम पर चर्चा करना तथा इसके क्रियान्वयन से जुड़ी चुनौतियों एवं अवसरों पर विचार-विमर्श करना था। वेबिनार में भारत के विभिन्न राज्यों से लगभग 100 प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न फार्मेसी संस्थानों के डीन, प्राचार्य, प्रोफेसर, संकाय सदस्य एवं शिक्षाविद सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। वेबिनार में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. (डॉ.) हरीश दुरेजा, डीन, फार्मेसी विभाग, एम.डी. यूनिवर्सिटी, रोहतक एवं प्रो. (डॉ.) विपिन कुक्कर, निदेशक, तलवार फार्मा, रुड़की उपस्थित रहे। डॉ. हरीश दुरेजा ने संशोधित पाठ्यक्रम की संरचना, उद्देश्यों तथा फार्मेसी विद्यार्थियों के लिए इसके महत्व पर विस्तृत प्रस्तुति दी। डॉ. विपिन कुक्कर ने नए पाठ्यक्रम को लागू करने में आने वाली चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए तथा इसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु व्यावहारिक समाधान भी सुझाए। दोनों वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि संशोधित पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के लिए बेहतर रोजगार अवसर प्रदान करेगा तथा भारत में उद्योगोन्मुख फार्मास्युटिकल शिक्षा को सशक्त बनाएगा।

**नवाचार पर चर्चा**

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. (डॉ.) आर. के. गुप्ता ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का औपचारिक स्वागत किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) दविंदर सिंह ढुल ने भी सभा को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं फार्मास्युटिकल विज्ञान में नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को साझा किया। वेबिनार का आयोजन डॉ. गौतम कुमार, डीन, स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के संयोजन में किया गया। डॉ. नीलम वर्मा ने कार्यक्रम में सह-संयोजक की भूमिका निभाई, जबकि डॉ. सपना रानी ने वेबिनार का सफल संचालन एवं आयोजन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सिमरनजीत सिंह, डॉ. विक्रम, रविंदर, प्रदीप एवं शिवानी का विशेष योगदान रहा। वेबिनार के दौरान तकनीकी व्यवस्था का सफल संचालन कुलजीत सिंह द्वारा किया गया।

## पद्म पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

- 31 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन : डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2027 पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन सिफारिशों के लिए 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। इन पुरस्कारों के लिए नामांकनध्सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्डस डॉट जीओवी डॉट इन पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी। पुरस्कारों की घोषणा गणतंत्र दिवस 2027 के अवसर पर की जाएगी। इन पुरस्कारों में पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि इन राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्ड डॉट जीओवी डॉट इन पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। नामांकन करने वाले व्यक्ति अधिकतम 800 शब्द का एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति पत्र जिसमें अनुशंसित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र विषय में विशिष्ट और अन्य उपलब्धियोंध्सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख किया गया हो, प्रस्तुत करें।

**पद्म पुरस्कारों के नियम किए स्पष्ट**

डीसी ने बताया कि पद्म पुरस्कारए अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। वर्ष 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। यह पुरस्कार कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक कार्य, नागरिक सेवाओं, व्यापार और उद्योग जैसे सभी क्षेत्रोंध्विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों, सेवाओं के लिए उत्कृष्ट.कार्य को मान्यता प्रदान करने के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लैंगिक भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। डॉक्टर और वैज्ञानिकों को छोड़ कर सार्वजनिक उपक्रमों में काम करने वाले सरकारी कर्मचारी पद्म पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं। इस संबंध में और अधिक विवरण वेबसाइट पदमा अवार्ड डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध हैं।

## इंडस पब्लिक स्कूल ने चलाया वन्यजीव संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

इंडस पब्लिक स्कूल, कैथल में 'इंटरनेशनल बिग कैट अलायसं सम्मेलन 2026 के अंतर्गत वन्यजीव संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु एक प्रेरणादायी अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय की प्रधानाचार्या तनु पुनिया के कुशल एवं प्रेरणादायी मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने प्रातःकालीन सभा में पर्यावरण एवं वन्यजीवों की रक्षा करने की शपथ ली। इसके उपरांत विद्यालय परिसर में एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बाघों की आकर्षक वेशभूषा एवं हाथ से निर्मित सुंदर मास्क पहनकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने प्रेरक संदेशों से युक्त पोस्टर एवं स्लोगन प्रस्तुत कर समाज को प्रकृति एवं वन्यजीव संरक्षण का संदेश दिया।


**कैथल।** इंडस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी वन्य जीवों का मुखौटा पहने हुए।

**डिजिटल शिक्षा पहल**

कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षाओं में डिजिटल माध्यम से ज्ञानवर्धक वीडियो भी प्रदर्शित किए गए, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों को जैव विविधता और वन्यजीव संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया। प्रधानाचार्या तनु पुनिया ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। विद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक सहारण ने भी कार्यक्रम की सराहना की।

## इलेक्ट्रिक गाड़ी चला हलके के गांव में पहुंचे विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ उचाना

भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पीएम नरेंद्र मोदी के ईधन बचाओ आह्वान के बाद हलके के गांव में इलेक्ट्रिक गाड़ी चला कर अपने साथियों के साथ पहुंचे। वो पहले जींद से उचाना तक बस में सफर भी कर चुके है। पत्रकार वार्ता में विधायक ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के ईंधन बचाओ आह्वान पर मीडिया के माध्यम से देश, प्रदेश वासियों से अपील करता हूँ कि ईधन बचाते हुए डीजल, पेट्रोल की बचत करते हुए आगे बढ़े। पीएम नरेंद्र मोदी के जो निर्णय होते है वो राष्ट्रहित के लिए होते है। ये कोई बड़ी बात नहीं है ऐसा हम कर भी सकते है। कांग्रेस द्वारा भाजपा नेताओं के बसों में सफर करने को नौटंकी के बयान पर विधायक ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है वो मुद्दाविहीन हो चुकी है। कांग्रेस हासिए पर है। कांग्रेस के नेताओं की मानसिकता खराब हो चुकी है। हमारे देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने जो निर्णय लिए है वो देश हित में लिए है। कोरोना जैसी महामारी को भी हमने हराने का काम किया है। विश्व स्तर पर ईधन की परेशानी है। जो पीएम नरेंद्र मोदी ने आह्वान किया है उसके साथ हम खड़े है। इस मौके पर सुरेंद्र खरकभूरा, संजय चहल, रोहताश खटकड़, रमेश राणा, रमेश अत्री, सत्यवान दुर्जनपुर, सत्यनारायण मखंड, प्रवीण गर्ग, नरेश सौंगरी, प्रमोद पालवां मौजूद रहे।



**उचाना।** पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में जींद से इलेक्ट्रिक कार लेकर पहुंचे विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री। *फोटो : हरिभूमि*

**उचाना की सड़कों पर दौड़ाई ईवी कार**

पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह से सफा खेड़ी, डूमरखा के रास्ते झील पहुंचे। उचाना की सड़कों पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा खुद गाड़ी चलाते हुए ईवी (इलेक्ट्रिक) कार को दौड़ाई। विधायक ने आमजन को ईंधन बचाने का पीएम नरेंद्र मोदी का संदेश देते हुए बस, ट्रेन से सफर करने के साथ-साथ इलेक्ट्रिक वाहन का इस्तेमाल करने का आह्वान किया। पीएम नरेंद्र मोदी के ईंधन बचाने के आह्वान के बाद निरंतर विधायक पब्लिक ट्रांसपोर्ट में सफर कर रहे है।

## भारतीय हैंडबाल में चयन होने पर आयुष और समीर किए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरवाना

रविवार को डूमरखां अंबेडकर चौक कमेटी द्वारा आयुष और समीर का भारतीय हैंडबॉल टीम में चयन होने पर सम्मानित किया गया। अंबेडकर चौक कमेटी के प्रधान ने बताया कि आयुष और समीर ने पूरे देश का नाम रोशन किया है। यह सफलता केवल उनकी व्यक्तिगत नहीं बल्कि पूरे देश की जीत है। इन दोनों खिलाड़ियों ने हमारे समाज का नाम रोशन किया है। इन दोनों खिलाड़ियों ने साबित कर दिया कि बुलंद हौंसलों और नेक इरादों से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। उनकी मेहनत ने आज डूमरखां का नाम पूरे देश में चमका दिया है। गोल्डी सरपंच डूमरखां ने बताया कि बच्चों में हुनर की कोई कमी नहीं है बस उनको सही दिशा और प्रोत्साहन की जरूरत है। डूमरखां गांव के सरपंच गोल्डी खेल और शिक्षा के लिए जरूरतमंद बच्चों की मदद के लिए हर समय तैयार रहते हैं।


**नरवाना।** डुमरखा के सरपंच गोल्डी आयुष ओर समीर को सम्मानित करते हुए।

### लघु सचिवालय जींद व उपमंडल कार्यालयों नरवाना, सफीदों, जुलाना व उचाना में आज लगेंगे समाधान शिविर

**जींद।** एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक नागरिकों की समस्याएं व शिकायतें सुनने के लिए समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता है। लघु सचिवालय के सभागार में डीसी मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में इस शिविर का आयोजन किया जाता है। इसके साथ-साथ उपमंडल कार्यालयों नरवाना, सफीदों, जुलाना व उचाना में संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में भी समाधान शिविर आयोजन किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला के नागरिक दोनों दिनों में अपनी समस्याएं व शिकायतों को समाधान शिविर में रखकर समाधान करवा सकते हैं। इन शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी हिस्सा लेते हैं। मौके पर ही संबंधित अधिकारी के माध्यम से उसके विभाग की शिकायत का समाधान करवाया जाता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### पिकअप कार की चपेट में आने से ट्रक चालक घायल

**कैथल।** जम्मू कटरा-दिल्ली एक्सप्रेस-वे पर खरक पांडवा टोल के पास सड़क किनारे खड़े एक ट्रक ड्राइवर को तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पहले कैथल और बाद में पटियाला रेफर किया गया। कलायत थाना पुलिस ने आरोपी पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पंजाब के पटियाला जिले के गांव शेरगढ़ निवासी भूपेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि वह ड्राइवर है। 17 मई की शाम वह गाजियाबाद से प्राइवेट गाड़ी में वापस पटियाला लौट रहा था। इस दौरान जम्मू-कटरा दिल्ली हाईवे पर खरक पांडवा टोल से पहले अपने जान-पहचान के ड्राइवर का इंतजार करने के लिए चैनल नंबर-113 के पास सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान दिल्ली की तरफ से आ रही एक सफेद पिकअप गाड़ी लापरवाही से इधर-उधर डगमगाते हुए आई और उसे टक्कर मार दी।

**कार्यक्रम** — मानवता, सेवा और संस्कारों पर दिया संदेश

## संत ज्ञानानंद के प्रवचनों से गूंजा श्रद्धा और भक्ति कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

एक किरण उम्मीद की संस्था की अध्यक्ष एवं भाजपा महिला मोर्चा जिला सचिव निधि मोहन के निवास पर आयोजित धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बन गया। कार्यक्रम में संत ज्ञानानंद जी महाराज ने विशेष रूप से पहुंचकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। महाराज के आगमन पर निधि मोहन व उनके परिवार द्वारा फूलमालाओं, पुष्पवर्षा और जयकारों के साथ भव्य स्वागत किया गया। पूरे वातावरण में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भजन-कीर्तन और सत्संग के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। ज्ञानानंद जी महाराज ने अपने प्रवचनों में कहा कि वर्तमान समय में मानवता, सेवा और संस्कारों को बचाने की सबसे अधिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति समाज सेवा और जरूरतमंदों की सहायता को अपना धर्म बना लेता है, उसका जीवन स्वतः सफल हो जाता है। उन्होंने कहा कि संतों का सान्निध्य व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाता है और समाज को सही दिशा देने का कार्य करता है। आज के समय में युवाओं को संस्कारों से जोड़ना बेहद जरूरी है, ताकि आने वाली पीढ़ी भारतीय संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ा सके।


**पूंडरी।** ज्ञानानंद जी महाराज का स्वागत करती निधि मोहन व मदन मोहन।

**संतों का आशीर्वाद बढ़ाता है सकारात्मक सोच**

निधि मोहन ने कहा कि उनके लिए यह सौभाग्य की बात है कि ज्ञानानंद जी महाराज का उनके निवास पर आगमन हुआ। उन्होंने कहा कि संतों का आशीर्वाद समाज में प्रेम, भाईचारा और सकारात्मक सोच को मजबूत करता है। उन्होंने बताया कि एक किरण उम्मीद की संस्था लगातार सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है और भविष्य में भी जनसेवा के कार्य जारी रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा समाज में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। आयोजन में पहुंचे लोगों ने धार्मिक वातावरण और व्यवस्थाओं की सराहना की। इस अवसर पर रवि पटपटिया, नीटू पटपटिया, मदन मोहन, सरपंच लाभ सिंह जांबा, सुनील मितल, अनाज मंडी पूंडरी के पूर्व प्रधान मुकेश गर्ग सहित सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।